Title: Regarding construction of broad-gauge railway line from Jaipur to Nathdwara in Rajasthan- laid

m01 श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): आजादी से पहले जयपुर से टोडारायसिंह तक ट्रेन चलती थी तब जयपुर से टोटारायसिंह तक मीटरगेज लाइन थी । इस रेलवे लाइन को टोडारायसिंह से केकड़ी, शाहपुरा लाम्बिया होते हुये नाथद्वारा तक बढाने का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था । जयपुर से टोडारायसिंह रेलवे लाइन को ब्रोडगेज में परिवर्तित नही किया गया एवं इस लाइन को बन्द कर दिया गया । जिससे यह लाइन आगे नाथद्वारा तक नहीं बढ पाई । इस लाइन की अत्यन्त आवश्यकता है, अतः मेरा मंत्री महोदय से आग्रह है कि जयुपर से टोडारायसिंह केकड़ी, शाहपुरा लाम्बिया होते हुये नाथद्वारा तक ब्रोडगेज लाइन की स्वीकृति प्रदान करें, जिससे मेरे क्षेत्र की जनता को लाभ मिल सके ।